तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

11 पपलू, कट, मीन हाफ, रमी, भर्रा की सज रही है महफिल, ...



12 सनातन शास्त्र, सद्चरित्र और त्याग की शिक्षा देता है :...



## खबर संक्षेप

### सिर्री में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**सिर्री।** ग्राम पंचायत सिर्री के बाजार चौक में 28 मार्च को अभनपुर के एक प्राइवेट अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सहित बीपी शुगर की जांच कर दवाई भी दी जायेगी। शिविर दोपहर 3 से शाम 5 बजकर 30 मिनट अर्थात ढाई घंटे ही लगाया जायेगा। जनरल सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ मरीजों को चिकित्सीय परामर्श देंगे।

### पीएचसी सांकरा में आज रक्तदान शिविर

**सांकरा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अधिकारी सांकरा एवं हरियर परिवार सांकरा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा में रक्तदान शिविर का आयोजन आज सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया है। जो भी सदस्य रक्तदान करना चाहता है, वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा में रक्तदान कर सकता है। रक्तदान के लिए अब तक 25 युवाओं ने एंट्री करा ली है।

### जान्हवी का नवोदय विद्यालय में चयन

**सिर्री।** एल नन्दन पब्लिक स्कूल सिर्री में अध्ययनरत कक्षा 5 वीं की छात्रा जान्हवी साहू पिता डॉ योगेंद्र



साहू फुसेरा निवासी का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। इनके चयन से परिजनों सहित स्कूल स्टाफ में खुशी है। शाला प्रबंधक लक्ष्मीकांत साहू, प्रधानपाठक मुकेश साहू, शिक्षक तिलक साहू, फ़नेश्वर, गिरिजाशंकर ने जान्हवी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बोरिदखुर्द में रामधुनी प्रतियोगिता 1 से

**कुकरेल(धमतरी)।** चैत नवरात्रि पर ग्राम बोरिदखुर्द में रामधुनी प्रतियोगिता 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक रखी गई है। प्रथम इनाम 5001 रू., द्वितीय 4001 रू., तृतीय 3001 रू., चतुर्थ 2001 रू. व पंचम इनाम 1001 रूपये दिया जायेगा। प्रत्येक मंडली को 6001 रू. सांत्वना पुरस्कार मिलेगा। इस अवसर पर रामधुनी मंडली बकली कुरूद, सिया के रामधुनी मंडली सोहतरा बालोद, परसाही लाटाबोड़ रामधुनी मंडली, राधाकृष्ण रामधुनी मंडली मारदापोटी नगरी, जय मां कर्मा रामधुनी मंडली गुजरा धमतरी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में नारायण सिंह सोनवानी, किशनलाल पटेल, चोलन सिन्हा, खोरबाहरा चक्रधारी, केनराम साहू, चुनकेश्वर साहू जुटे हैं।

### गणेशपुर में 29 से मानस गान एवं जस झांकी

**जीजामगांव।** बाल समाज रामलीला मंडली, हरि ओम ज्योति मानस मंडली, हरिओम तत्सम बालक मानस मंडली, जय मां विंध्यवासिनी सेवा मंडली, अंजलि



समूह, बोल बम सेवा समिति, महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गणेशपुर में मानसगान एवं जस झांकी प्रतियोगिता 29 एवं 30 मार्च को आयोजित की गई है। महिला एवं पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 2500 रूपये, द्वितीय 2001 रुपये, तृतीय 1501 रुपये, चतुर्थ 1001 रुपये, पंचम पुरस्कार 501 रूपये दिया जाएगा। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष ललित कुमार निषाद, उपाध्यक्ष लीलाराम साहू, कोषाध्यक्ष गौकरण साहू, कोषाध्यक्ष भावसिंग यादव, सचिव विष्णुराम साहू, सहसचिव बुधराम साहू, संगठन मंत्री जीवनलाल साहू, सहसंगठन मंत्री जगन्नाथ ध्रुव, महामंत्री जवाहर वर्मा जुटे हुए हैं।

जिले में 9 रेत खदानें वैध, कई अवैध घाट हो रहे संचालित

# रेत खदानों में मची लूट, निर्देशों की उड़ रहीं धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले की रेत खदानों में शासन-प्रशासन का अब नियंत्रण नहीं रहा। हरित न्यायाधिकरण के निर्देशों की जमकर धज्जियां उड़ रहीं हैं। वहीं रेत सिंडिकेट शासन की निर्धारित दरों से चार गुना अधिक रूपए लेकर चेन माउंटेन मशीन से रेत लोडिंग कर रहे हैं। वे रेत परिवहन के लिए ट्रांजिट पास का दाम पांच गुना अधिक वसूल रहे है। शासन प्रशासन और माफियाओं के बीच ऐसी सेटिंग है कि सप्लायर एक टीपी में 10 से 20 चक्कर लगा रहे हैं। इससे शासन को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। बता दें कि जबसे रेत खदानों की नीलामी हुई है तब से रेत खदानें प्रशासनिक नियंत्रण से बाहर हो गई हैं।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैध खदानों में दोनर, दर्री, परेवाडीह, मंदरौद, लीलर, गिरौद 1, गिरौद 2, चंद्रसूर और बुड़ेनी है। इसके अलावा कई अवैध खदानें संचालित हैं। शासन ने प्रति घनमीटर रेत लोडिंग का दाम 115 रुपए अधिकतम तथा न्यूनतम 57.50 रुपए तय किया है। रेत ठेकेदार न्यूनतम दर 57.50 में प्रति घनमीटर रेत लोडिंग की निविदा भरते हैं। इस दर में बहुत सारी निविदा आने पर लाटरी सिस्टम से खदान ठेकेदार का चयन करते हैं। वहीं प्रति घनमीटर रायल्टी 50 रुपए निर्धारित है।

स्थानीय रेत सप्लायर दीपांशु देवांगन, राहुल ओझा बताते हैं कि जबसे रेत खदानों की नीलामी शुरु हुई है तबसे स्थानीय रेत सप्लायरों का व्यवसाय ठप हो गया है। अधिकांश हाइवा वाहन बिक चुके हैं। कई वाहनों को फायनेंसरों ने खींच लिया है। बचे खुचे हाईवा संचालक कर्ज में डूबते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय रेत सप्लायर शहर सहित आसपास के क्षेत्र में रेत



फाइल फोटो

सप्लाई करते थे। उस समय रेत लोडिंग प्रति घनमीटर 120 से 150 रुपये थी। वर्तमान में रेत लोडिंग का चार्ज प्रति घनमीटर 400 से 450 रुपया वसूला जा रहा है। जबकि 50 रूपये घनमीटर के ट्रांजिट पास को 250 रुपये घनमीटर के भाव से वसूला जा रहा है जिससे 10 घनमीटर क्षमता वाले हाइवा वाहनों को लोडिंग और टीपी का भाव 6500 रुपये खदान में पड़ता है। शहर में रेत सप्लाई देने पर डीजल वाहन भाड़ा मिलाकर 9 हजार रुपए से अधिक हो जाता है। मजे की बात यह है कि ट्रैक्टर से 10 घनमीटर रेत को 6 हजार रुपए में उपलब्ध करा रहे हैं। इससे स्थानीय हाइवा संचालकों की कमर टूट गई है। उन्होंने बताया कि दुर्ग, रायपुर आदि जिलों से रेत के लिए खदान पहुंचने वाले हाइवा वाहन धमतरी में क्रेसर गिट्टी सप्लाई देते हैं और रेत भरकर वापस दुर्ग, रायपुर रवाना होते हैं। जिससे बाहर जिलों से आने वाले हाइवा संचालकों का व्यवसाय चल जाता है।

### शासकीय दर पर रेत लोडिंग और रायल्टी दिलाने की मांग

स्थानीय सप्लायरों ने बताया कि 10 घनमीटर वाले हाइवा की शासकीय लोडिंग दर 1150 रुपए, 10 घन मीटर का ट्रांजिट पास 500 रुपये तथा 10 घनमीटर टीपी पर करीब 215 रुपए का विभिन्न मदों पर टैक्स जोड़ा जाता है। इस तरह से लोडिंग और टीपी का 1865 रूपए होता है। वर्तमान में रेत खदानों में 1865 के बदले 6500 रूपये वसूला जा रहा है। सप्लायरों ने शासकीय दर पर रेत लोडिंग और रायल्टी दिलाने की मांग की है।

### खनिज विभाग ने वसूला डेढ़ करोड़ रुपए का जुर्माना



■ जिले में अवैध रेत परिवहन के 294 प्रकरण दर्ज किए गए

**धमतरी।** जिले में चालू वित्तीय वर्ष में रेत के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन और अवैध भण्डारण के प्रकरणों में जिले के खनिज अमले ने एक करोड़ 47 लाख रूपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया है। जिले में रेत के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन और भण्डारण पर रोक लगाने के लिए खनिज अमले द्वारा सतत अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस महीने लगभग 30 प्रकरण दर्ज कर साढ़े पांच लाख रूपये का जुर्माना वसूला गया है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि इस महीने रेत के अवैध उत्खनन के दो प्रकरण दर्ज कर दो लाख 80 हजार रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया है। इस महीने रेत के अवैध परिवहन के 28 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 14 प्रकरणों को निराकृत कर तीन लाख 27 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि शेष 14 प्रकरण भी छत्तीसगढ़ खान एवं खनिज अधिनियम तथा गौण खनिज अधिनियम के तहत निराकृत कर अर्थदण्ड वसूलने की कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष में अवैध रेत उत्खनन के 33 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 36 लाख रूपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। इसी प्रकार अवैध रेत परिवहन के 294 प्रकरण जिले में दर्ज किए गए हैं। रेत परिवहन के इन प्रकरणों में एक करोड़ तीन लाख रूपये से अधिक की राशि जुर्माने के रूप में जमा कराई गई है। रेत के अवैध भण्डारण के नौ प्रकरण इस वित्तीय वर्ष में जिले में दर्ज हुए हैं। अवैध भण्डारण के इन प्रकरणों में भण्डारणकर्ताओं पर साढ़े आठ लाख रूपये से अधिक का जुर्माना वसूल कर शासकीय मद में जमा कराया गया है।

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर प्रत्याशियों ने जमा किया खर्च का विवरण

# सात लाख खर्च कर रामू बने महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निगम चुनाव में महापौर रामू रोहरा ने सर्वाधिक खर्च किया है। निर्वाचन कार्यालय में जमा किए गए चुनावी खर्च ब्यौरा के अनुसार चुनाव का पूरा खर्च पार्टी और शुभचिंतकों ने उठाया है। श्री रोहरा ने सिर्फ नामांकन फार्म भरने के लिए 20000 रुपए खर्च किए हैं।

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर पद के लिए लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों ने चुनाव में किए गए खर्च का ब्यौरा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर दिया है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस खर्च को सार्वजनिक भी कर दिया गया है। धमतरी जिला प्रशासन की अधिकृत वेबसाइट में जाकर कोई भी धमतरी नगर निगम में महापौर पद के प्रत्याशियों सहित पांचों नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों द्वारा किए गए खर्च का विवरण देख सकता है।

खर्चों के इस ब्यौरे के अनुसार पूरे नगरीय निकाय चुनाव में महापौर प्रत्याशी जगदीश रामू रोहरा ने सर्वाधिक 7 लाख 9 हजार 344 रुपए खर्च किए हैं। इसमें से सबसे ज्यादा खर्च चुनाव प्रचार में खर्च हुए हैं। प्रचार कार्यालय में 9 हजार 55 रुपए, घोषणा पत्र में 1 लाख 62 हजार 911 रुपए, बैनर पोस्टर में 1 लाख 11 हजार



फाइल फोटो

### ज्योति 1 लाख 35 हजार, बलजीत ने 4 लाख किए

चुनाव में खर्च करने में नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रत्याशी भी कम नहीं है। कुरूद नगर पंचायत में अध्यक्ष पद जीतने वाली श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर ने 1 लाख 35 हजार 930 रुपए खर्च किए हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी संजय चंद्राकर ने 2 लाख 19 हजार 736 रुपए खर्च का ब्यौरा पेश किया है। योगेश गुरूजी ने 1 लाख 51 हजार और आप के प्रत्याशी विनोद सचदेवा 59 हजार 610 रुपए खर्च किए हैं। नगरी नगर पंचायत में बलजीत छाबड़ा ने 4 लाख 670 रुपए और पेमन स्वर्णबेर ने 2 लाख 80 हजार 357 रुपए खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया है।

रुपए और कार्यकर्ताओं के जलपान में 72 हजार रुपए खर्च हुए हैं। इसका लाभ भी उन्हें मिला है। उन्हें जीत तो मिली ही है वहीं बाकी प्रत्याशियों की जमानत जब्त भी हो गई है। बाकी प्रत्याशियों ने भी अपनी क्षमता के अनुसार खर्च किया है। बसपा के आशीष रात्रे ने 54 हजार 53 रुपए, हमर राज पार्टी के महेश कुमार रावटे ने 57 हजार 44 रुपए, अवैश हाशमी ने 99 हजार 670, गगन कुंभकार ने 50 हजार 325 और तिलक सोनकर ने 19 हजार रुपए खर्च किए हैं। सबसे कम खर्च फिरोज खान ने किया है। उन्होंने नामांकन भरते समय जमानत फीस ही जमा की है। चुनाव में अन्य किसी प्रकार का खर्च नहीं किया है। यह पूरा ब्यौरा अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार है, जो उन्होंने निर्वाचन कार्यालय में जमा किया है।

### भखारा, मगरलोड, आमदी में हुए खर्च

भखारा में श्रीमती ज्योति जैन ने 1 लाख 84 हजार 166 रुपए खर्च किए हैं। इसी प्रकार श्रीमती संतोषी निषाद ने 2 लाख 3 हजार 844 रुपए, मगरलोड की श्रीमती कविता भवानी यादव ने 1 लाख 71 हजार 570 रुपए, श्रीमती लीलेश सुरेश साहू ने 1 लाख 29 हजार 744 रुपए, श्रीमती राधा सोनवानी ने 44 हजार 194 रुपए, आमदी की श्रीमती ज्योति मुरलीधर साहू ने 1 लाख 58 हजार 275 रुपए, श्रीमती सुनीता साहू ने 82 हजार 817, श्रीमती भुनेश्वरी रवि प्रकाश ने 17 हजार 575, श्रीमती उषा संतोष देवांगन ने 20 हजार 908 रुपए खर्च करने का ब्यौरा पेश किया है।

## बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू



**धमतरी।** परीक्षा समाप्त होते ही उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है। शिवसिंह वर्मा उमा शाला में बुधवार को प्रशिक्षण के बाद मूल्यांकन कर्ताओं को ट्रायल के रूप में 5-5 कापियां जांचने को दी गई। गुरुवार से मूल्यांकन कार्य ने गति पकड़ ली है।

बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन के लिए शिवसिंह वर्मा उमाशा को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। संस्था की प्राचार्य बी मैथ्यू ने बताया कि पहले लॉट में हाईस्कूल की 40 हजार 761 और हायर सेकेंडरी की 24 हजार 655 कापियां जांचने के लिए आई हैं। इसमें हाईस्कूल के हिन्दी, इंग्लिश, गणित, साइंस, सोशल साइंस और हायर सेकेंडरी के हिन्दी, इंग्लिश, इतिहास, भूगोल, राजनीति, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, लेखाशास्त्र व्यवसायिक अध्ययन, होम साइंस और एग्रीकल्चर विषय की उत्तरपुस्तिकाएं शामिल हैं। दूसरा लॉट 4 अप्रैल को आएगा। मूल्यांकन केंद्र में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच 388 मूल्यांकनकर्ता कापियां जांच रहे हैं।

# गांजा बेचने जा रहे युवक को धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मगरलोड पुलिस व साइबर टीम ने मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने जा रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 2 किलो 35 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 20,350 रूपये व स्कूटी को जब्त किया है।

■ मगरलोड पुलिस व साइबर टीम की कार्रवाई

मगरलोड पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि भैंसमुडी में श्रवण ढीमर पिता कल्लू राम ढीमर उम्र 38 वर्ष साकिन वार्ड नं 09 भैंसमुडी थाना मगरलोड जिला धमतरी द्वारा अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा रखकर उसने बेचने मोटरसायकल से जा रहा है। आरोपी मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने अपने स्कूटी होंडा एक्टिवा क्र. सीजी 05 एन-2334 में परिवहन करते मिला। उसके कब्जे से एक पॉलीथिन में मादक पदार्थ गांजा वजन 2 किलो 35 ग्राम कीमत 20,350 रूपये व घटना में प्रयुक्त स्कूटी होंडा एक्टिवा कीमत 45,000 रूपए कुल जुमला 65,350 रूपए जब्त कर थाना मगरलोड में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मगरलोड निरीक्षक राजेश जगत, सउनि धनीराम नेताम, गजानंद साहू, गोविन्दा घृतलहरे, प्रफुल रात्रे, नरेन्द्र बंजारे, राजेंद्र कत्लम, कीर्तन सोनकर सुखलाल मरकाम, कुणाल साहू सहित साइबर टीम का विशेष योगदान रहा।

## बुलेट की ठोकर से युवक की मौत

**धमतरी।** साथियों के साथ नेशनल हाईवे में पैदल जा रहे युवक को तेज रफ्तार बुलेट ने ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

■ साथियों के साथ पैदल जा रहा था युवक

अस्पताल पुलिस के अनुसार सतीश सिंग सेन पिता सत्तर सिंग सेन उम्र 19 वर्ष ग्राम परसाही थाना बालोद निवासी अपने साथी वासु सेन उम्र 24 वर्ष ग्राम खपरी थाना बालोद निवासी व दुष्यंत सेन के साथ कोंडागांव में सुनील की सेलून दुकान में काम करने गया था। मंगलवार की रात्रि सेलून को बंद कर तीनों पैदल नेशनल हाईवे से होते हुए अपने रूम जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बुलेट क्रमांक सीजी 27 क्यू 2010 के चालक ने सतीश को ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सतीश को निजी वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल कोंडागांव में भर्ती कराया गया। दूसरे दिन बुधवार को अस्पताल से रिफर करने पर घायल को धमतरी के एकता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घायल की गुरुवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# विंध्यवासिनी मंदिर के पास चाकू लहराते आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विंध्यवासिनी मंदिर के पास चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे चाकूबाज को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस असामाजिक तत्वों व चाकूबाजों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने फिर एक चाकूबाज को चाकू लहराते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पेट्रोलिंग पर निकली कोतवाली पुलिस को मुखबीर से विंध्यवासिनी मंदिर के पास शिवकुमार उर्फ सरदार द्वारा धारदार चाकू लहराने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। यहां एक युवक चाकू लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर उसके हाथ से धारदार चाकू जप्त किया। पूछताछ



में आरोपी ने अपना नाम शिवकुमार साहू उर्फ सरदार पिता रमेश उम्र 30 वर्ष रामपुर वार्ड निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। चाकूबाजों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

यातायात विभाग ने व्यापारी संघ के साथ बैठक आयोजित की

# विशेष अवसर पर सदर मार्ग को वनवे करने का सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यातायात पुलिस ने शहर की ट्रेफिक व्यवस्था के संबंध में व्यापारी संघ के साथ बैठक आयोजित की। इस दौरान त्योहारी सीजन व विशेष अवसर पर सदर मार्ग को वनवे करने सहित अन्य सुझाव दिए गए।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार यातायात डीएसपी मोनिका मरावी, डीएसपी मीना साहू एवं नगर निगम उपायुक्त पीसी सार्वा द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात शाखा व व्यापारी संघ की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था बनाने अपनी दुकान के सामानों व विज्ञापन बोर्ड को मार्ग किनारे नहीं रखने, दुकान में आने वाले ग्राहकों के वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित जगह चिन्हित करने, मुख्य मार्ग में बनी सफेद पट्टी के अंदर में ही पार्किंग के लिए बोर्ड लगाने, मुख्य



व सदर मार्ग के अंदर दुकान के सामानों की लोडिंग- अनलोडिंग रात्रि 10 बजे से सुबह 9 बजे तक ही कराने कहा गया। देर रात्रि तक दुकान अनावश्यक रूप से खोलकर नहीं रखने, भारी वाहन संचालन करने वाले व्यापारी व रेत,गिट्टी तथा अन्य खनिज सामाग्री लेकर चलने वाले वाहनों का संचालन 10 बजे से सुबह 8 बजे तक करने के लिए कहा गया। व्यापारियों को अपने ग्राहकों के वाहनों को पार्किंग कराने प्राइवेट कर्मचारी नियुक्त करने के लिए कहा गया।

बैठक में व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेश जसूजा, सदस्य अर्जुन दासवानी, प्रमोद पांडे, दिनेश रोहरा, आलोक पांडे, रवि पंजवानी, हर्ष चावला, पार्षद राकेश चंदवानी व अन्य सदस्य सहित यातायात से एसआई रामकृष्ण साहू, एएसआई भेनुराम वर्मा, सुरेश नेताम, चंद्रशेखर देवांगन, प्रआ चमन सिंह, जितेंद्र कृदत्त, ठाकुरराम सिन्हा, दौलत मरकाम उपस्थित थे।

### व्यापारी संघ ने दिए ये सुझाव

बैठक में यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापारी संघ ने सुझाव दिया कि घड़ी चौक के पीछे पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों पर कार्रवाई की जाए, त्योहारी सीजन एवं विशेष अवसर पर सदर मार्ग को वनवे करने, बालक चौक के पास अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई, दुकानों के बाहर सामान रखने वालों को समझाइश देने, गोलबाजार के मार्ग में ठेला पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए कहा गया। इस तरह हाइवा वाहनों के लिए शहर में प्रवेश के लिए समय व रूट निर्धारित करने के साथ 20-20 वाहनों को प्रवेश देने, अधिकतम गति सीमा 35 किमी प्रति घंटा व सिहावा रोड किनारे अवैधानिक रुप से खड़े वाहनो पर कार्रवाई करने का सुझाव दिया गया। जिस पर यातायात डीएसपी, डीएसपी व निगम आयुक्त द्वारा संबंधित विभाग व पुलिस विभाग से संबंधित सुझावों पर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

## पवन धमतरी, विनय आमदी भाजपा मंडल अध्यक्ष बने



**धमतरी।** भाजपा ने मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन ने निर्देशित प्रक्रिया के अनुसार मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। धमतरी शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन बनाए गए हैं। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### सुलेख प्रतियोगिता में डोमेश्वरी अव्वल रही

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुंदर व स्पष्ट लेखन को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को अंग्रेजी भाषा में दिए गए एक पैराग्राफ को निर्धारित समय में सुलेख के रूप में लिखना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया ने किया। निर्णायक अतिथि व्याख्याता डॉ जयश्री रणसिंह व डॉ सुषमा साहू थी। सहायक प्राध्यापक दानेश्वर साहू ने विजेता विद्यार्थियों के नाम की घोषणा की। प्रथम डोमेश्वरी मारगिया बीएससी द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय निकिता गुप्ता बीएससी द्वितीय सेमेस्टर और तृतीय याना कोसरे बीएससी द्वितीय सेमेस्टर रही। विजेताओं को विभागाध्यक्ष रोली जांगड़े सहायक प्राध्यापक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### बीएलओ कार्य से पृथक करने सौंपा ज्ञापन

**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ विकासखंड दुर्गूकोंदल द्वारा शिक्षकों को बीएलओ कार्य से पृथक करने तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया है। शैक्षिक समन्वयक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि दुर्गूकोंदल में 55 एकल शिक्षकीय शाला एवं 2 शिक्षक विहीन शालाएं है। बीएलओ कार्य सौंपे जाने से शिक्षकीय कार्य प्रभावित हो रहा है। हमारी माँग है कि हम शिक्षकों को बीलओ कार्य से पृथ्क रखा जाएं। संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### युवक ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** चौकी दुधावा अंतर्गत ग्राम बांगाबारी निवासी 35 वर्षीय प्रताप सिंह नेताम ने 26 मार्च को सुबह 5 बजें आत्महत्या कर लिया। बांगाबारी निवासी 55 वर्षीय सियाराम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जंगल की ओर महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

### पंजीयन और नवीनीकरण शिविर पंचायतों में लगेंगे

**कांकेर।** श्रम विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर नवीनीकरण एवं पंजीयन के लिए शिविर शुरू किए गए है जिसके तहत 28 मार्च को कनेचूर, 01 अप्रैल को इन्द्रप्रस्थ, 02 अप्रैल को चनार, 03 अप्रैल को कोड़ेजुंगा, 04 अप्रैल को माहुद, 07 अप्रैल को जाताबाड़ा, 08 अप्रैल को मेड़ो, 09 अप्रैल को सुरेवाही, 11 अप्रैल को वनश्रीनगर, 15 अप्रैल को मुड़पार, 16 अप्रैल को ईच्छापुर, 17 अप्रैल को भिरौद, 21 अप्रैल को कराठी, 22 अप्रैल को कोदापाखा, 23 अप्रैल को बड़ेजैतपुर, 24 अप्रैल को उदयपुर, 25 अप्रैल को उमरादाह, 28 अप्रैल को कुलगांव एवं 29 अप्रैल को गिरहोला पंचायत में शिविर लगाकर पंजीयन एवं नवीनीकरण की किया जाएगा।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

लईका घर खुलने से महिलाओं को खेती एवं अन्य कार्य करने में हुई सुविधा

# बच्चों की देखभाल करने वाले 85 कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन व मोबाईल क्रेशिज द्वारा लईका घर तिहार कार्यक्रम नगरी स्थित साहू भवन प्रांगण में मनाया गया। मुख्य अतिथि महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी व विशिष्ट अतिथि दिनेश्वरी नेताम पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, हुमित लिमजा पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, करुणा सागर पटेल मुख्य अधिकारी जनपद पंचायत नगरी, मुनेन ध्रुव जनपद सदस्य, शशि ध्रुव जनपद सदस्य, गुलशन अजीम प्रेमजी फाऊंडेशन धमतरी, संजय तिवारी मोबाईल क्रैशिज नई दिल्ली, हितेन्द्र साहू बीपीएम, टिकेश्वर ध्रुव विखं समन्वयक बिहान थे। मुख्य अतिथि श्री गोटा ने कहा कि बच्चों के हितों के लिए काम करने वाली संस्थाओं को जनपद पंचायत द्वारा हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने विकासखंड में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से 60 लईका घर के संचालन पर प्रसन्नता



व्यक्त की। कार्यक्रम अध्यक्ष हृदय लाल साहू ने बच्चों के साथ देखभाल कार्यकर्ताओं की आत्मनिर्भरता के लिए खुशी जाहिर की।

विशिष्ट अतिथि हुमित कुमार लिमजा ने आंगनबाड़ी पूर्व बाल देखरेख के लिए लईका घर को उपयुक्त माध्यम बताया। उन्होंने आगामी समय में नगरी विकासखंड के प्रत्येक गांव में लईका घर खोलने पर जोर दिया। सभा को शशि ध्रुव, गुलशन संजय तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के 1 वर्ष पूरा होने पर 85 देखभाल कार्यकर्ताओं को सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मान पत्र, साड़ी व पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रशिक्षक श्याम सिंह ने लईका घर से संबंद्ध वीडियो का प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया। संजय तिवारी ने मोबाईल क्रैशिज संस्था की सोच, यात्रा तथा लईका घर कार्यक्रम के संचालन की जानकारी शेयर की। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से गुलशन ने नगरी विकासखंड में पिछले 12 वर्षों से स्कूली शिक्षा में तकनीकी सहयोग प्रदान करने तथा पिछले एक वर्ष से बाल देखरेख सेवाओं के तहत नन्हे बच्चों के लिए कार्य किए जाने की जानकारी साझा की।

परसापानी की देखभाल कार्यकर्ता सुनीता निषाद ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि पहले गांव में मुझे मछली पकड़ने वाली के नाम से जानते थे और अब वह लईका घर केंद्र की देखभाल कर्ता के रूप में जानने लगी है। फरसियां की संगीता यादव ने बताया कि पहले एक बच्चे की देखभाल अपने घर में करती थी, पर आज लईका घर में 19 बच्चों की देखभाल करती हूं। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से मनीष ने लईका घर केंद्र की सेवाओं तथा बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। सखी वन स्टाफ सेंटर धमतरी की केंद्र प्रशासक श्रीमती उषा ठाकुर व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती प्रियंका गंजीर ने अपने कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में स्टेट लीड अजीत मोहन चौधरी की भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन मुकेश वर्मा, संतोषी साहू व उपेंद्र साहू ने किया। सदानंद मेहेर ने आभार व्यक्त किया।

मौके पर अजीत मोहन चौधरी, सदानंद, मनीष, संतोषी साहू, दीपक गोस्वामी, सरोज पटेल, सोनिका देवांगन, सतरूपा कडियाम, अनुश्री, कविता, लोकेश्वर साहू, धनंजय साहू, मंजूलता साहू, दीप्ति साहू का योगदान रहा।

## मां कर्मा ने अपने हाथों से भगवान कृष्ण को खिलाई थी खिचड़ी



- बिरेतरा में आयोजित मां कर्मा जयंती पर शामिल हुईं पूर्व विधायक रंजना साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम बिरेतरा में साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महाआरती की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं।

इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि मां कर्मा ने मानव समाज के कल्याण के लिए कार्य किए हैं। इसलिए उसे संत माता कर्मा कहा गया। मां कर्मा सिर्फ साहू समाज की आराध्य देवी नहीं अपितु अन्य समाज के लिए भी आराध्य हैं। आज नारी शक्ति आत्मनिर्भर बनकर समस्त कार्यों में अपनी उपयोगिता साबित करते हुए आगे बढ़ रही है। घर परिवार, समाज को मजबूत बना रही है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि मां कर्मा भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थीं जिन्होंने समाज के उद्धार के लिए अपने हाथों से भगवान श्री कृष्ण को खिचड़ी खिलाई और आज भी उड़ीसा में जगन्नाथ मंदिर में प्रभु को खिचड़ी का भोग लगाया जाता है।

## बगौद में कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई

- ग्रामीण साहू समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम बगौद में कर्मा जयंती परिक्षेत्रीय साहू समाज बगौद एवं ग्रामीण साहू समाज बगौद के संयुक्त तत्वाधान में धूमधाम से मनाई गई। शिव मंदिर बांधा तालाब से कलश यात्रा बाजे-गाजे के साथ उत्साहपूर्वक निकाली गई, जिसमें ग्राम की माताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए कर्मा मंदिर (मरादेव मंदिर प्रांगण) पहुंची। कर्मा माता की महाआरती के पश्चात सभा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिखीराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज बगौद थे। अध्यक्षता हीराराम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज बगौद ने की। विशिष्ट अतिथि कृष्ण लाल साहू संस्थापक परिक्षेत्र साहू समाज बगौद, खेमनलाल साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती चमेली साहू महिला उपाध्यक्ष, नेतराम साहू पूर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, प्यारेलाल साहू सलाहकार, भरत लाल साहू संरक्षक, ब्रह्मानंद साहू कोषाध्यक्ष,





नरसिंह साहू सचिव परिक्षेत्र बगौद, लीलाराम साहू युवा प्रकोष्ठ बगौद थे। वक्ताओं द्वारा संत माता कर्मा के कर्मों का बखान किया गया।

इस दौरान ग्राम पंचायत बगौद के नवनियुक्त सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगणों का सम्मान किया गया। ग्रामीण साहू समाज बगौद के नवनियुक्त पदाधिकारी लीलाराम साहू अध्यक्ष, देवेंद्र साहू उपाध्यक्ष, रमाकांत साहू उपाध्यक्ष, उमेश साहू कोषाध्यक्ष, हीराराम साहू सचिव, महेंद्र साहू सहसचिव, खामेश साहू मीडिया प्रभारी, संगठन मंत्री चुम्मन लाल साहू, टेमनलाल साहू, कार्यकारिणी सदस्य आनंद राम साहू, अरुण माला साहू समाज सेवक बीरसिंग साहू, शिवनाथ साहू, टुकेश्वर साहू, डोमन साहू को शपथ दिलाई गई। मंच संचालन महेंद्र साहू एवं आभार प्रदर्शन कृष्णा लाल साहू ने किया।

## चिटौद में साहू समाज भवन का लोकार्पण, मां कर्मा की हुई प्राण-प्रतिष्ठा







- पुरूर क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)

क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में साहू समाज द्वारा भक्त मां कर्मा की 1009 वीं जंयती मनाई गई। झिरिया ग्रामीण साहू समाज द्वारा ग्राम चिटौद में भक्त मां कर्मा जयंती के अवसर पर सामाजिक भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मां कर्मा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। सुबह 10 बजे समाज की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पूजा अर्चना के बाद समाज के लोगों ने मां कर्मा की महाआरती की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि समाज द्वारा कुछ पुरानी कुरीतियों का त्याग किया जा रहा है। यह समाज के लिए आवश्यक भी है। आगे कहा कि सेवा, त्याग और समर्पण की प्रतिभूति मां कर्मा भगवान श्री कृष्ण के महान भक्त के रूप में जानी जाती हैं। वे बचपन से ही धार्मिक प्रवृत्ति की रही हैं। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन लाल साहू, मिथिलेश साहू, राजेन्द्र साहू, सुरेन्द्र तिवारी, देवलाल साहू, गोकुलराम साहू, रूपराम नागवंशी, सरपंच तीरथ यादव ने अपने उद्बोधन में मां कर्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला साथ ही समाज के लोगों से उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## अंचल की खबरें

### राजपुर में कर्मा माता की जयंती मनाई



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामीण साहू समाज ने भक्त कर्मा माता की 1009 वी जयंती धूमधाम से मनाई। सर्वप्रथम भक्त कर्मा माता की पूजा- अर्चना कर आरती उतारी गई। तत्पश्चात सामाजिक महिलाओं ने सिर में कलश लेकर भक्त कर्मा माता की शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जामबाई सिन्हा सरपंच थीं। अध्यक्षता छन्नू राम साहू संरक्षक डाभा परिक्षेत्र साहू समाज ने की। विशिष्ट अतिथि टेकराम साहू सलाहकार डाभा परिक्षेत्र साहू समाज, सुकूल साहू सलाहकार, ग्रामीण अध्यक्ष जनक सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनम सिन्हा, उपसरपंच मुकेश सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि जागेश्वर सिन्हा थे। रात्रि में ढीमरटिकुर नवागांव की जय दुर्गे रामधुनी की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष देवनारायण साहू, उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, सचिव यादराम साहू, कोषाध्यक्ष किसुन साहू, सलाहकार रमेश्वर साहू, दीपक साहू, भुनेश्वर साहू, डीहूराम साहू, तीरथ साहू, जोहन साहू, कमल हीरालाल साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### पार्षद हरीश ने सीएमओ-अध्यक्ष को वार्ड की समस्याएं बताई



**नगरी।** वार्ड क्रमांक 15 पार्षद हरीश साहू ने अपने वार्डों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए नगर पंचायत के सीएमओ एवं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा को आवेदन दिया। माता तालाब के सौंदर्यीकरण एवं कांक्रीटीकरण, केकराल तालाब एवं बावाडबरी तालाब का गहरीकरण, सौंदर्यीकरण एवं कांक्रीटीकरण, पुलिया निर्माण बाईपास रोड महानदी पर शनिवार बाजार में पानी टंकी का निर्माण, शनिवार बाजार पारा में सामुदायिक भवन, बांधा तालाब के पानी को केकराल तालाब एवं माता तालाब में भरने नाली की मरम्मत एवं नाली में प्लेट लगवाने, शनिवार बाजारपारा से लेकर जयंती नेताम घर तक सीसी रोड, डोमार साहू के घर से लेकर धनंजय पटेल घर तक सीसी रोड, साहूपारा के पास सामुदायिक भवन निर्माण, कोटपारा स्कूल से तेजराम साहू घर तक सीसी रोड, बीटी सड़क एवं डामरीकरण करने की मांग की।

### परखंदा में कर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा



**कुरुद।** साहू समाज की कुल देवी माता कर्मा की जयंती पर ग्राम परखंदा में मां कर्मा की प्रतिमा का पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई जो बाजार चौक स्थित साहू भवन से होकर बीचपारा, रावणभाठा चौक होते हुए भाटापारा पहुंची फिर रैली अंततः साहू समाज में आकर मां कर्मा की महाआरती की गई। जिसमें सामाजिक महिला पुरुषों ने भाग लेकर गांव की सुख शांति हेतु विनय किया। कार्यक्रम में सभी जनों को महाप्रसादी वितरण कर समाज को सभ्य, शिक्षित बनाने में सहयोग की अपील की गई। मौके पर ग्रामीण समाज अध्यक्ष देवेंद्र साहू, सचिव टीकाराम साहू, कोषाध्यक्ष देवराज साहू, अजय साहू, गजानंद साहू, चैन साहू, गिरेंद्र साहू, सरपंच श्रीमती माधुरी मोहित साहू, खिलेश साहू, गजेंद्र साहू, मोनू साहू, सुरेंद्र साहू, भागवत साहू, नरोत्तम साहू, श्रीमती पूनम साहू, लोकेश साहू, दीपक साहू, टेकराम साहू सहित काफी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### कर्मा जयंती पर बुजुर्गों एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान





**अंवरी।** ग्राम सिहाद में धूमधाम से कर्मा जयंती मनाई गई जिसमें बुजुर्गों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि जनपद सदस्य सिंधु बैस ने कहा कि साहू समाज एक संगठित समाज है। सुलझा हुआ समाज है। संगठित होने के कारण यह समाज हर क्षेत्र में विकास और महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। चाहे वह कृषि का क्षेत्र हो, या शिक्षा हो, धार्मिक क्षेत्र या राजनीतिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अग्रसर हो रहा है। यह एकता संगठन का प्रतीक है। कार्यक्रम में गीतेश्वरी साहू, कामता साहू, सिन्धु बैस, रामचन्द्र साहू, संतोष साहू, सरिता बैस, कोमल ध्रुव, खेमिन साहू, भूषण साहू, चंद्र कुमार साहू, अशोक साहू, तेजराम साहू, नोहरसिंह साहू, अर्जुन साहू, सालिकराम साहू, पंचकुमार साहू, शांति बाई साहू, सोनू साहू समेत बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

विधायक अंबिका मरकाम के प्रयास से नरहरा जलप्रपात को मिला पर्यटन क्षेत्र का दर्जा

# सिहावा विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन को मिली नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा विधानसभा क्षेत्र की समृद्ध प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित और विकसित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। विधायक अंबिका मरकाम के प्रयास के फलस्वरूप नरहरा जलप्रपात को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। पर्यटन विकास को गति देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत, नरहर जलप्रपात के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार हेतु ट्रैकिंग पथ, सोलर लाइटिंग, रेलिंग अपग्रेडेशन, बाथिंग ज़ोन, वॉच टॉवर, साइनेज बोर्ड, रेस्टिंग ज़ोन जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए जाएंगे। इसके लिए 18.19 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त, माड़मसिल्ली जलाशय को भी राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। यहां वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाओं सहित अन्य पर्यटन अधोसंरचनाओं का विकास किया जाएगा, जिससे सिहावा विधानसभा क्षेत्र को पर्यटन के मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी।



इस उपलब्धि पर विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि सिहावा विधानसभा क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है। मेरा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि हमारे क्षेत्र के ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को संरक्षित कर उन्हें पर्यटन के लिए विकसित किया जाए। नरहरा जलप्रपात और माड़मसिल्ली जलाशय को पर्यटन क्षेत्र का दर्जा मिलने से न केवल हमारे क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। पर्यटन विकास से हमारी संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस योजना को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आगे भी क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगी।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### मोबाइल मेडिकल शिविर का लिया लाभ



**नगरी।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 में मोबाइल मेडिकल शिविर लगा जिसमें वार्डवासियों ने जनरल चेकअप कराया। वार्डवासियों ने बताया कि छोटी बीमारी के इलाज के लिए 3 किलोमीटर नगरी जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अच्छी पहल की है। आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर भी लगाया गया है। पार्षद राजा पवार और वार्डवासियों ने इस पहल की प्रशंसा की है।

### उमेश देव बने सरपंच संघ के अध्यक्ष



**नगरी।** नगरी विकासखंड में 102 ग्राम पंचायत है। बुधवार को हल्बा समाज आदिवासी भवन नगरी में सरपंच संघ का चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी उमेश देव सरपंच रतावा, नरसिंग मरकाम सरपंच सिरसिदा, गौतम मरकाम सरपंच पांवद्वार थे। चुनाव में उमेश देव विजयी रहे। क्षेत्र के सरंपचों ने गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया।

### शालात्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा



**धमतरी।** समग्र शिक्षा जिला धमतरी के मार्गदर्शन एवं विकासखंड स्त्रोत धमतरी के नेतृत्व में संस्था हुमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया द्वारा गैर आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए कदम कार्यक्रम के तहत समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें इण्डलाईन, मेनस्ट्रीम की प्रक्रिया एवं केस स्टोरी के संबंध में चर्चा की गई। यह बैठक विकास खण्डस्त्रोत समन्वयक ललित सिन्हा के नेतृत्व में हुई। संस्था से अर्नब गांगुली, राकेश कुमार सोनवानी एवं अनुदेशक पार्वती मरकाम, अंजलि मरकाम, मीनाक्षी वर्मा, नंदा ध्रुव, नितिन कुमार, दुर्गेश्वरी उपस्थित रहे।

### मां कर्मा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**अंवरी।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती ग्रामीण साहू समाज कुर्रा द्वारा मनाई गई। मां कर्मा की प्रतिमा की पूजा व आरती की गई। इस अवसर पर खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। पदाधिकारियों ने कर्मा मंदिर पहुंचकर मां कर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि मां कर्मा की जयंती मनाने का उद्देश्य समाज को एकजुट कर नई दिशा देना है। मौके पर धरमिन यादव संरपच, विष्णु साहू, सिन्धु बैस जनपद सदस्य, मनहरण चतुर्वेदी, नारायण साहू, खोमेश्वरी कंवर, तीजन गोवर्धन कंवर, नंदकुमार दीवान, हीरा बैस, टिकेश्वरी केसरी, इंद्रनी केसरी, सोमन साहू, मोहन साहू, हेमलाल, चैतराम साहू सहित समाजजन उपस्थित थे।

### सारंगपुरी में वय वंदन शिविर लगा



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वय वंदन योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान तीन 70 वर्ष के व्यक्ति एवं तीन अन्य लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में सरपंच रामकुमार यादव, अर्जुन सिंह जेडीएस, मितानिन गोमती नेताम, उमा सोनवानी, अमृत सेन, कीर्तिलता कंवर, डुमेश्वरी विश्वकर्मा, कोटवार ललिता मानिकपुरी, चपरासी चोवाराम कंवर, कोमल साहू समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का किसानों ने लिया लाभ



**धमतरी।** ग्राम अर्जुनी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास मत्रालय एवं कृषि विकास सहकारिता समिति लिमिटेड द्वारा उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें धमतरी ब्लाक के कई किसानों ने हिस्सा लिया तथा खेती के साथ खेतों से जुड़े व्यवसाय को अपनाने व अपने उत्पाद के मूल्यों का संवधन करने के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्घाट्न डॉ कुरैशी आमीन कृषि वैज्ञानिक ई .ग्रा कृ वि वि रायपुर ने किया। प्रशिक्षक डॉ पीयूष प्रधान कृषि वैज्ञानिक कृषि अभियांत्रिकी विभाग कृषि महाविद्यालय कुरुद, नारायण साव प्राध्यापक भोपालराव पावर शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज रुद्री ने उद्यमिता विकास के आयामों से किसानों को अवगत कराते हुए उन्हें खेतों को व्यवसाय से जोड़ने तथा अधिक मुनाफा प्राप्त करने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी।

कुरुद थाना के सीमावर्ती गांवों में रोज लाखों का दांव लगा रहे जुआरी

# पपलू, कट, मीन हाफ, रमी, भर्रा की सज रही है महफिल, गिरफ्त में है नौजवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों में बेखौफ चल रहे जुआ के धंधे पर अंकुश न लगने से पढ़ाई लिखाई की उम्र में ही कुछ नौजवान इसमें अपनी जिंदगी तबाह करने पर आमादा हैं। पुलिसिंग कार्रवाई नहीं होने से जहां जुआरियों के हौसले बुलंद हैं वहीं गांवों का माहौल दिनों दिन खराब होता जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कुरुद थाना क्षेत्र के ग्राम चर्रा, बानगर, कातलबोड़, मोंगरा, उड़ेना के श्मशान घाट, नर्सरी के अलावा भारत माला विशाखापत्तनम रोड किनारे सुनसान जगहों पर राजिम, मगरलोड, अभनपुर, भिलाई, बालोद क्षेत्र के जुआरी आकर पपलू, मीन हाफ, रमी, नक्काश, भर्रा आदि जुए का फड़ सजाते हैं। इस अवैध कार्य में कम उम्र के नौजवान भी गिरफ्त में आ चुके हैं और माता-पिता की जमापूंजी पढ़ाई लिखाई की जगह जुआ में बर्बाद कर रहे हैं। कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि क्षेत्र के सुनसान खेतों में इन शौकीनों को घेरे में बैठकर जुआ खेलते देखा जा सकता है।



### जगह बदल-बदलकर सजाते हैं जुए का फड़

जानकारी यह भी है कि जुआ के खेल का बड़ा सरगना इस खेल को अंजाम देने जगह बदल-बदलकर अपना फड़ सजाता है जिसमें जुआरी एक दिन में अमीर बनने के लालच में आकर 500 से लेकर लाखों तक के दांव लगा रहे हैं। इससे पहले थाना मगरलोड, बड़ी करेली, बिरेझर चौकी के गांवों की सरहदों में ये जुआरी अपना लोकेशन फिट करते थे ताकि पुलिस को चकमा दे फरार हो सके । अब वे कुरुद थाना क्षेत्र के गांवों में अपना अड्डा बनाये हुए हैं।

### सिर्फ आंकड़े ठीक करने के लिए होती है कार्रवाई

रोज सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सजने वाली इस जुए की महफ़लि में इनकी संख्या बल को देखकर कोई इन्हें रोकना टोकना तक नहीं चाहता। बाजी जीतने या हारने के बाद जुआरियों द्वारा किए जा रहे शोर से आसपास का माहौल भी खराब हो जा रहा है, फिर भी स्थानीय पुलिस मामले में अंजान बनी हुई है। हां, कभी कभार कागजी आंकड़ा ठीक करने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाकर जुआ के ठिकानों पर छापेमारी तो जरूर की जाती है। इसमें ताशपत्ती व कुछ नकदी बरामद कर पुलिस कुछ समय के लिए खामोश हो जाती है, जिससे जुआरी फिर अपने काम में लग जाते हैं।

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने पंचायत सचिव की मांग का किया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव के नेतृत्व में धरनास्थल रावणभाठा नगरी पहुंचकर पंचायत सचिव संघ की एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण का समर्थन किया है। इस दौरान हड़ताली सचिवों को संबोधित करते हुए फेडरेशन संयोजक श्री ध्रुव ने कहा है कि पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत सचिवों की बड़ी भूमिका होती है। सचिवों के माध्यम से शासन की योजना आम जनता तक पहुंचती है परंतु सरकार द्वारा इन कर्मचारियों की सुध नहीं लेने से शासकीयकरण की मांग को लेकर आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा है। सरकार को मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों की मांग को पूरा करना ही होगा। इस आंदोलन को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का पूरा सहयोग और समर्थन रहेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन महासचिव गिरीश जायसवाल, प्रवक्ता केपी साहू, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, शरीफ़ बेग मिर्जा अध्यक्ष सहायक शिक्षक फेडरेशन, तरुण साहू अध्यक्ष स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ, विजय गेंडरे उपाध्यक्ष कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर, डीईओ से अप्रैल में मॉर्निंग स्कूल लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

प्रत्येक जिला मुख्यालय में 26 मार्च से प्रथम पाली व 4 अप्रैल से द्वितीय पाली में 10वीं 12वीं बोर्ड पेपर का मूल्यांकन शुरू हो गया है वहीं दूसरी तरफ कुछ संस्थानों में भी लोकल क्लास की परीक्षा बची हुई है जो दूसरे पाली में संचालित हो रही है। 5 वीं बोर्ड की परीक्षा 9 से 11 बजे व 8 वीं बोर्ड की परीक्षा 9 से 12 बजे तक चल रही है जो 3 अप्रैल तक होगी। 10वीं 12वीं की परीक्षा के कारण मॉर्निंग स्कूल का समय 7:30 से 11:30 तक का संचालन आदेश जारी नहीं कर पाए। डीईओ कार्यालय से कुछ ही दिन पहले 8 से 1 बजे तक संस्था संचालन का निर्देश जारी जरूर हुआ है लेकिन दोपहर का समय छात्रों को गर्मी से राहत देने वाला नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अप्रैल से गर्मी के कारण तापमान बढ़ जाता है। अप्रैल व मई माह में तापमान में और इजाफा होता है। यह छात्रों के साथ शिक्षकों के लिए भी रिस्क रहता है। पूर्व में प्रत्येक वर्ष उच्च कार्यालय के निर्देश के परिपालन में संस्था के संचालन हेतु मॉर्निंग 7 से 11:30 तक आदेश जारी हुआ था। गर्मी व स्वास्थ्यगत समस्याओं से निजात पाने व छात्रों की सुरक्षा की दृष्टि से पूर्व की भांति 7.3 0 से 11:30 बजे तक व गर्मी अधिक बढ़ने पर समय 7 से 11 बजे तक संस्था संचालन करने की मांग की गई है। मांग करने वालों में स्थानांतरित संगठन प्रांत अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संभाग उपाध्यक्ष लालबहादुर साहू, प्रांतीय संयोजक बीएल मंगेशकर, सरोज यादव प्रतिनिधि राकेश निषाद, एके मंडावी शामिल हैं।

## कर्मा जयंती पर सर्व समाज के लोगों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

ग्रामीण साहू समाज छाती द्वारा कर्मा माता की 1009वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। 24 मार्च को युवाओं द्वारा गांव की गलियों में मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। 25 मार्च को कर्मा माता की पूजा -अर्चना व हवन पूजन किया गया। तत्पश्चात महिलाओं द्वारा डीजे की धुन में गांव की गलियों में शोभायात्रा निकाली गई।

इस दौरान सरपंच, सहित सर्व समाज के प्रमुखों का स्वागत सम्मान किया गया। संध्या बेला में संत मां कर्मा की महाआरती, पूजा अर्चना कर खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू संरक्षक ग्रामीण साहू समाज छाती ने दी है।

## सेजेस कंडेल में हुई बोर्ड परीक्षा




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी मुख्य सेजेस कंडेल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कक्षा दसवीं व कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा हेतु छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा परीक्षा केंद्र सेजेस कंडेल में रोहित कुमार साहू व्याख्याता शासकीय उमावि बिरेतरा को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने बताया कि केंद्र में कक्षा दसवीं में कुल 133 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें से सेजेस कंडेल के 56, हाईस्कूल झिरिया से 44, हायर सेकेण्डरी भोथली से 30 व 3 परीक्षार्थी क्रेडिट के तहत शामिल हुए। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में कुल 174 परीक्षार्थी में से 122 सेजेस कंडेल 49 हायर सेकेण्डरी स्कूल भोथली व 3 परीक्षार्थी क्रेडिट के तहत शामिल हुए। परीक्षा के सफल संचालन में सहायक केन्द्राध्यक्षों संतोष साहू, संतोष यादव, लिपिक कार्य में हेमलता सोनी, पर्यवेक्षकों में सेजेस कंडेल, हाईस्कूल झिरिया, हायर सेकेण्डरी भोथली के व्याख्यातागणों, सफाई व अन्य कार्यों में संलग्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिला। गणेश प्रसाद साहू, राकेश साहू, जितेंद्र सार्वा, एलएन साहू, रामशरण मिश्रा, धनंजय सोनकर, माधवेन्द्र क्षत्रीय, बलराम तारम, दिलीप अंदानी, चोवाराम धीवर, रेखा साहू, गुप्ता मैडम, दीप्ति शुक्ला, रेखा देहारी आदि शिक्षकों ने भी अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

## सशिमं मंदरौद के दो छात्रों का नवोदय में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





सरस्वती शिशु मंदिर मंदरौद से शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए दो छात्रों का चयन कक्षा 6वीं के लिए हुआ है। लोकेश कुमार पिता दिनेश कुमार ध्रुव एवं प्रवीण कुमार निषाद पिता प्रेम लाल निषाद दोनों ही होनहार छात्र रहे हैं। इनके चयन पर विवेक ज्योति शिक्षण समिति अध्यक्ष टेकराम साहू, सचिव रामदयाल साहू, बोधी निषाद, मोतीराम, देवा साहू, नीलमणि, युवराज दीवान, भरत लाल, चुरामन लाल, रूपचंद साहू, मोहन लाल साहू, सरपंच भीखम लहरे, विद्यालय के प्रधानाचार्य टीकाराम साहू, आचार्य खूबलाल, आभिताप, मोहन लाल, उमेश कुमार, योगेंद्र, रमेश, सुनीता, ममता, सीमा, चंचल, मीरा, नीरा, दामिन व गेमिन ध्रुव ने हर्ष जाहिर किया है।

## एसडीएम कार्यालय में जनदर्शन का निर्णय स्वागत योग्य : किसान संघ

- त्रुटि सुधार, रकबा, खसरा, नामांतरण, विवादित मामले समय पर निपटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा राजस्व मामले के तत्काल निदान हेतु एसडीएम कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन लगाये जाने के निर्देश को भारतीय किसान संघ जिला धमतरी के पदाधिकारियों ने स्वागत योग्य कदम बताया है।

संघ ने कहा कि इस फैसले से राजस्व संबंधी मामला का समय पर निपटारा हो सकेगा साथ में पटवारी अपने-अपने हल्के में निर्धारित अवधि पर कार्यालय ड्यूटी में तैनात रहेंगे। त्रुटि सुधार, रकबा, खसरा, नामांतरण, विवादित मामले समय पर कार्य करने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था का स्वागत कर अधिकारी कर्मचारियों से किसानों को सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की है। अभी किसानों को किसान कार्ड बनाने में त्रुटियों एवं ऑनलाइन में न बताने से भटकना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष लाला राम चंद्राकर ने कहा कि आज तक किसी भी कार्यालय में अधिकारी कर्मचारी अपने समय पर ड्यूटी में नहीं आते थे। अब कार्यालय में सभी की उपस्थिति दिख रही है। हम यह भी अपेक्षा रखते हैं कि किसानों के साथ अधिकारी कर्मचारी अपनी व्यावहारिकता का परिचय दें एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान करें। उक्त प्रशासनिक व्यवस्था का भारतीय किसान संघ के दुलार सिंह, ललित सिंह, राजकुमार चंद्राकर, बालू सिंह, डॉक्टर कपिल, श्रीमती सिंधु बैस, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती ज्योति साहू, रामकुमार, शत्रुघ्न साहू, भोलाराम साहू, विनय कुमार साहू, रमन साहू, ठाकुरराम, हेमेंद्र साहू, उत्तम साहू, गजाधर यादव, धनीराम, रेखीराम सहित संगठन के अनेक किसानों ने स्वागत किया है।

## परसुली में भक्त माता कर्मा जयंती मनी

**धमतरी।** ग्रामीण तैलिक समाज परसुली द्वारा भक्त कर्मा माता की 1009 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। पंडित ललित शुक्ला के मंत्रोच्चार के पश्चात गांव में कलशयात्रा निकाली गई जहां समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथि सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, पंच प्रीतलाल निषाद, खुमेश्वर साहू, चित्रसेन निषाद को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष कुमार साहू, सचिव दीना राम साहू, अवध राम साहू परशु राम साहू ,देवानंद साहू, मेघनाथ साहू, टकाराम साहू, खम्मन साहू, चैतराम साहू, विष्णु राम साहू, संतराम साहू, मोहन साहू, कृष्ण कुमार साहू, त्रिलोकी साहू समेत अन्य उपस्थित थे। मंच संचालन लोकनाथ साहू व आभार प्रदर्शन नरेश साहू ने किया।



## तहसील साहू समाज ने मनाई कर्मा जयंती

**धमतरी।** तहसील साहू समाज धमतरी द्वारा आमंत्रण हेरिटेज साहू भवन रुद्री में भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती मनाई गई। मां कर्मा के छायाचित्र की पूजा-आरती की गई। इस अवसर पर खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। पदाधिकारियों ने कर्मा चौक स्थित मां कर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर तहसील साहू समाज अध्यक्ष गोपाल साहू , संरक्षक मेवा लाल साहू ने कहा कि कर्मा जयंती मनाने का उद्देश्य समाज को एकजुट कर नई दिशा देना है। मौके पर टीकाराम साहू, नंदझरुखा साहू, रामआसरा साहू, धनुष साहू, माधवेंद्र साहू, ताराचंद साहू, कृष्णा साहू, एलके साहू, गजानंद साहू, भुवनेश्वरी साहू, हिरमेश्वरी साहू, रीता साहू सहित सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।



पूनम साहू को 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर किया गया सम्मानित

## अरौद में कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई





हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता की 1009 वी जयंती अरौद में धूमधाम से मनाई गई। साहू भवन में स्थापित मां कर्मा की प्रतिमा की पूजा अर्चना व आरती की गई। इसके बाद रथ सजाकर माता की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के साथ गांव में स्वजातीय माताओं द्वारा सिर में कलश धारण कर गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। शोभायात्रा का जगह-जगह आरती का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा एवं कलश यात्रा शाम 4 बजे वापस साहू भवन पहुंची। माता कर्मा की पूजा अर्चना, आरती कर खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कौशल साहू की पुत्री पूनम साहू को कक्षा दसवीं सन 2024-25 में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पार प्रमुख भूषण साहू ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। खिलावन राम साहू ने अपने स्व. पिता रामलाल साहू की स्मृति में कर्मा जयंती का तैलचित्र भेंट किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साधुराम साहू थे। अध्यक्षता ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष तोषण साहू ने की। विशिष्ट अतिथि प्रेमलाल साहू ग्राम पटेल पुरुषोत्तम साहू, उपाध्यक्ष पूरन साहू, सचिव सुरेश साहू कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू, शिक्षक माखन साहू थे। मौके पर सरपंच पेखन साहू, गीता साहू सहित सभी पंचों का सम्मान किया गया। साधुराम साहू, प्रेमलाल साहू, माखनलाल साहू, पेखन साहू ने माता कर्मा की जीवनी पर विचार व्यक्त किए। मंच संचालन शिक्षक कुलेश्वर साहू व आभार व्यक्त सचिव सुरेश साहू ने किया।



## खबर संक्षेप

### वॉक इन इंटरव्यू 8 और 9 अप्रैल को

**धमतरी।** शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पथर्रीडीह, नगरी में विभिन्न पदों पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि 8 और 9 अप्रैल को वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से यह भर्ती होगी। 8 अप्रैल को नर्स, काउंसलर, पीईटी मेल और आर्ट टीचर के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू होगा। वहीं 9 अप्रैल को पीजीटी मैथमेटिक्स, टीजीटी हिन्दी और टीजीटी साईंस के लिए वॉक इन इंटरव्यू लिया जायेगा। दोनों दिन सुबह 9 बजे से इंटरव्यू होगा।

### पांच रुपए में भरपेट भोजन हर दिन लगभग 300 श्रमिकों का भर रहा पेट

**धमतरी।** राज्य शासन की शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न सहायता योजना से हर रोज जिले के लगभग तीन सौ से अधिक श्रमवीरों का पांच रूपये में पेट भर रहा है। राज्य शासन श्रम कल्याण मण्डल और कर्मकार सुरक्षा मण्डल के माध्यम से इस योजना का संचालन कर रही है। धमतरी शहर में दो जगह मकई गार्डन और तहसील कार्यालय के पास गांधी मैदान में इस योजना के तहत श्रमिकों को पांच रूपये में भरपेट भोजन की सुविधा मिल रही है। इसके साथ ही श्रमिक पांच रूपये में टिफिन की सुविधा भी ले रहे हैं। जिले में इस योजना की शुरूआत महापौर रामू रोहरा ने बीती 19 तारीख को की है। जिले के श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इस योजना के शुरूआत वाले दिन लगभग 450 श्रमिकों को पांच रूपये में भोजन वितरण किया गया था। अब हर रोज लगभग 300 श्रमिकों को पांच रूपये में गरम और पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि घड़ी चौक पर श्रमिकों के एकत्रित होने को ध्यान में रखते हुए मकई गार्डन में सुबह 8 से 10.30 बजे तक और दोपहर में गांधी मैदान कचहरी चौक में 11 बजे से दो बजे तक पंजीकृत श्रमिकों को पांच रूपये में गर्म भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने यह भी बताया कि इस योजना से केवल पंजीकृत श्रमिकों को ही लाभान्वित किया जाना है। इसीलिए जिन श्रमिकों ने अभी तक श्रम विभाग के दो मण्डलों में से किसी एक में भी पंजीयन नहीं कराया है, वे अपना पंजीयन जल्द से जल्द करा लें।

### आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाषचंद्र बोस के प्रपौत्र धमतरी पहुंचे, शहरवासियों ने किया स्वागत

# सनातन शास्त्र सद्‌चरित्र और त्याग की शिक्षा देता है : सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी







आजाद हिन्द फौज के संस्थापक सुभाषचंद्र बोस के प्रपौत्र सोमनाथ बोस राष्ट्रीय अध्यक्ष नमोभारत प्रखर राष्ट्रवादी गुरूवार को सर्व हिंदू सनातन समाज जिला धमतरी द्वारा आयोजित सामाजिक समन्वय जन संकल्प अभियान कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम शाम 5 बजे नूतन स्कूल प्रांगण में हुआ। श्री बोस ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत शिखर की ओर बढ़ रहा है। आंख दिखाने वाले दर्जनभर पड़ोसी देश अब भयभीत नजर आ रहे हैं। अमेरिका, रूस जैसे शक्तिशाली राष्ट्र भारत को अपने गुट में मिलाने आतुर हैं। भारत अब विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी जैसा नेता दशकों बाद भारत का नेतृत्व कर रहा है। वे सनातनी के लिए कुछ करना चाहते हैं। सभी सनातनी भाइयों को चाहिए कि उनका हाथ मजबूत करें। इससे पूर्व भारत का नेतृत्व करने वाले नेताओं को देख चुके हैं। सभी सनातन धर्म को खत्म करने तुले हैं। देश के नव निर्माण के लिए सामाजिक समन्वय जनसंकल्प अभियान जरुरी है।

श्री बोस ने आगे कहा कि सनातन शास्त्र सद्‌चरित्र और त्याग की शिक्षा देता है। इसी से प्रेरित होकर सुभाषचंद्र बोस आईसीएस जैसे पदवी को त्याग कर देशसेवा में जुट गए। वे सर्वधर्म को लेकर चलते थे। उन्होंने बताया कि सुभाषचंद्र जी पहले श्रीरामकृष्ण मिशन में संत बनना चाहते थे। मिशन के संतों ने उनकी संत प्रवृत्ति को देखकर देश सेवा करने की प्रेरणा दी।

श्री बोस ने आगे कहा कि सदियों से विघटनकारियों ने देश को तोड़ने की कोशिश की। इसकी शुरुआत आक्रमणकारियों ने की। फिर इसके बाद अंग्रेजों ने यह काम किया। पहले अल्पसंख्यक 2 से 11 प्रतिशत थे। फिर कन्वर्ट करने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। सनातनियों को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। जातिवाद में बांटकर देश का विघटन करने का कुत्सित प्रयास हो रहा है। लेकिन हम सब सनातनी एक हैं। श्री बोस ने बताया कि भारत में प्राचीनकाल में 1 लाख 87 हजार गुरुकुल एवं 10 विश्वविद्यालय थे जहां सनातन धर्म का ज्ञान बांटा जाता था। शास्त्र और शस्त्र की शिक्षा दी जाती थी। इसी से सनातन बचा हुआ था जिसे खत्म कर दिया गया। अब कहीं भी गुरुकुल नहीं है। भारत की शिक्षा पद्धति विदेशों की देन है। पहले विदेशी यहां पढ़ने आते थे। अब यहां के विद्यार्थी विदेश में पढ़ते हैं। विचारधारा भी विदेशी हो गई। सर्जरी, ज्योतिषशास्त्र, खगोलशास्त्र, दर्शनशास्त्र, आयुर्वेद हजारों साल पहले की शिक्षा है। अब जागने का समय आ गया है। सनातन धर्म को बचाने एकजुट होने की आवश्यकता है। विदेशी ताकतें पैर फैलाकर भारत को कुदृष्टि से देख रही हैं। षडयंत्रकारियों को माकूल जवाब देना है। इस देश में रहने वालों को सनातन की इज्जत करती होगी। पड़ोसी देश सनातनियों को काफिर कहता है और हम गंगा जमुना का मिलन कहते हैं। सनातन की शिक्षा जरूरी है नहीं तो अगली पीढ़ी सनातन को भूल जाएगी।

कार्यक्रम में पहुंचे श्रीराम महात्यागी महराज केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल सदस्य विश्व हिन्दू परिषद डा. उदयभान सिंह छग राज्य निर्माता, आदिवासी समाज प्रणेता, श्रीराम ज्ञानीदास महात्यागी महाराज संगठन महामंत्री अखिल भारतीय संत महासभा, प्रो. डा.संजीव वशिष्ठ प्रांत अध्यक्ष सर्वसमाज समन्वय महासभा छग, श्रीमती लता ऋषि चंद्राकर प्रांत अध्यक्ष सर्वसमाज समन्वय नारी शक्ति महासभा छग ने कहा कि महासभा का उद्देश्य सर्वसमाज को संगठित करना है। सशक्त भारत बनाना है। हम की भावना से काम करने पर ही सफलता मिलेगी। देश को मजबूत बनाने सभी समाज प्रमुखों एवं सदस्यों का सहयोग जरूरी है। समाज को जोड़ने से ही देश मजबूत होगा। सामाजिक लोकतंत्र स्थापित करना है। समाज स्तर पर रोजगार, शिक्षा, नैतिकता, चरित्र निर्माण की दिशा में कार्य करना है। युवाओं को सही दिशा देना है। सनातन धर्म में जाति नहीं, वर्ण व्यवस्था और आश्रम व्यवस्था है जो विश्व की सभी जातियों एवं संप्रदायों में हैं। इस अवसर पर सभी समाज के प्रमुख व सदस्य उपस्थित थे जिन्हें मंच में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# विंध्यवासिनी मंदिर अब नए कलेवर में भक्तों को कर रहा आकर्षित





- मंदिर का पिछले तीन साल से सौंदर्यीकरण किया जा रहा था जो अब पूरा हुआ : आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर का विंध्यवासिनी मंदिर वर्षों बाद अब नए कलेवर में नजर आ रहा है। मंदिर का साज श्रृंगार, सजावट भक्तों को अपनी ओर आकर्षिक कर रहा है। रंगबिरंगी लाइट से सजी मंदिर की दीवारें बरबस ही लोगों को मोहित करने लगी हैं। बाहर से आए कारीगरों ने मार्बल पत्थर से मंदिर को नया रूप दिया है।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि मंदिर अब काफी आकर्षक दिखने लगा है। मंदिर की दीवारों में रंगरोगन और कलाकारी भक्तों का मन मोह रहा है। नक्काशी और राजस्थानी पत्थरों से बना गर्भगृह लोगों को लुभा रहा है। मार्बल पत्थरों से देवी देवताओं के रूपों को मंदिर के चारों ओर नक्काशी कर दर्शाया गया है। श्री पवार ने बताया कि 30 मार्च को चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होगी। इससे पूर्व मंदिर की सजावट की गई है। माता ने 35 साल बाद 12 मई 2024 को अपना चोला उतारा था। माता का रूप अब काफी सौम्य है। राजस्थान के कारीगरों ने मकराना के मार्बल पत्थर से मंदिर के अंदर और बाहर काफी मेहनत से नक्काशी की है। मंदिर का पिछले तीन साल से सौदर्यीकरण किया जा रहा था, जो अब पूरा हो जाएगा। स्वर्णजड़ित कलश, मुकुट और छत्र के बाद जगमोहन में राजस्थान के कारीगरों द्वारा मकराना मार्बल से गलीचा इन ले वर्क, उपर खैरागढ़ संगीत एवं कला विवि के स्नातकोत्तर कलाकारों द्वारा म्युरल आर्ट, विष्णु के दशावतार का निर्माण, जयपुर के कारीगरों द्वारा निर्मित संगमरमर के दो सिंह माता के गर्भगृह के प्रवेश द्वार पर लगाया गया। फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश से लाये गये जगजग झूमर, स्वर्ण शुभ्र एवं लाल स्वास्तिक से बाहरी दीवारों की पेंटिंग की गई है। मंदिर में आकर्षक लाइट व साज सज्जा की गई है।

# कांग्रेसियों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार का पुतला फूंका






- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेसी नेताओं के घर सीबीआई कार्रवाई का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कांग्रेसियों ने सीबीआई द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव सहित पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं के निवास, कार्यालय में की गई कार्रवाई के विरोध में गांधी मैदान में केंद्र एवं प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। दोपहर 1 बजे कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निकले। इसके बाद गांधी मैदान पहुंचकर पुतला दहन किया। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास भी किया लेकिन कांग्रेसियों ने पुतला फूंक दिया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ में केंद्रीय एजेंसियों का खुलकर दुरुपयोग हो रहा है। अब सिर्फ डराने, धमकाने और बदले की भावना से कार्रवाई चल रही है। सीबीआई भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रही है तो भारतमाला योजना की ईडी और सीबीआई जांच क्यों नहीं कर रही है। भाजपा ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों को विपक्ष के नेताओं को डराने और दबाने के लिए इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेसियों ने केंद्र और राज्य सरकार से सवाल किया कि महादेव सट्टा एप को अभी तक बंद क्यों नहीं किया गया। किसका संरक्षण है। इस दौरान जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, पूर्व महापौर विजय देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, प्रदेश सचिव तारिणी चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष सलीम रोकडिया, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, घनश्याम साहू, नरेंद्र सोनवानी, राजा देवांगन, हितेश गंगवीर, होरीलाल साहू, अरविंद दोशी, भरत नाहर, विक्रांत पवार, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, सुमन मेश्राम, सूरज पासवान, ऋषभ ठाकुर, राजेश ठाकुर, अजय वर्मा, सोमेश मेश्राम, कमलेश सोनकर, केन्द्र कुमार पेंदरिया, भागी ध्रुव, उदित नारायण साहू, गुरुगोपाल गोस्वामी, तारिक रज़ा कादरी, गनेश्वरी कामड़े, वातांजलि गोस्वामी, टिकेंद्र सिन्हा, अरविन्द साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नौ दशक बाद हनुमान मूर्ति से उतरा करीब ढाई क्विंटल सिंदूर का चोला

- भक्तों ने वास्तविक रूप का दर्शन कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद






लगातार 9 दशक तक चोला चढ़ने से हनुमान जी की प्रतिमा में सिंदूर की मोटी परत जम गई थी। इससे मूर्ति का वास्तविक स्वरूप ढंक गया था जिसे नवरात्रि के पहले मंदिर समिति से जुड़े लोगों ने पुजारियों की उपस्थिति में विधि-विधान से उतारकर फिर से पूजा अर्चना के लिए तैयार करने का कार्य किया है।

दरअसल नगर पंचायत कुरुद के वार्ड बजरंग चौक में सदियों पुराना दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर है। इसके नाम से वार्ड की पहचान भी है। विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने बताया कि मुहल्ले के पूर्वजों ने विधि-विधान के साथ स्वयंभू बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित कर उस जगह पर मंदिर का निर्माण कराया था।

लगभग 90 वर्ष के बाद हनुमान जी का चोला उतरने के बाद वास्तविक स्वरूप में दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। करीब 2.40 क्विंटल बंदन (सिंदूर) निकाला गया जिसे प्रयागराज की गंगा नदी में विसर्जन करने का निर्णय हुआ है।

**प्रयागराज में करेंगे विसर्जन**

चंडी मंदिर के पुजारी जितेंद्र योगी ने बताया कि हनुमान जी में नया चोला चढ़ाने का कार्य भजन कीर्तन के साथ गुरुवार की रात्रि 12 बजे तक पूरा कर लिया गया। नवरात्रि पश्चात 2.40 क्विटल बंदन को विसर्जन के लिए पुजारी एवं मंदिर समिति के साथ प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे। नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि आज का यह दिन कुरूदवासियों के लिए सौभाग्य है। उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों एवं मंदिर पुजारी से चर्चा कर मंदिर के पूजन कार्य एवं गर्भगृह में होने वाले कार्यों के लिए हर प्रकार का सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# शराब दुकान और ट्रेंचिंग ग्रांउड के खिलाफ आक्रोश

- सोरिदवासियों ने 31 मार्च तक भट्ठी नहीं हटने पर धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



गुरुवार को सोरिद वार्डवासियों ने एक बार फिर शराब दुकान और ट्रेंचिंग ग्राउंड के खिलाफ कलेक्टोरेट में हल्ला बोला। सोरिदवासियों ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि रायपुर जगदलपुर नेशनल हाईवे में सोरिदनगर के पास देशी विदेशी शराब दुकान का संचालन हो रहा है। शराब दुकान के आसपास कई प्राईवेट अहाता एवं चखना सेंटर खुल गए हैं। शाम होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है। लड़ाई झगड़ा, मारपीट आम बात हो गई है। कालोनीवासी तथा आमलोगों से बद्‌तमीजी तथा महिलाओं के साथ छींटाकशी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। शराब दुकान के पास सिद्ध काली मंदिर, मदरसा, चर्च है। दूसरी बड़ी समस्या ट्रेंचिंग ग्राउंड की है। निस्तारी तालाब तथा बसाहट एरिया में कचरा संग्रहण स्थल होने तथा मृत जानवरों को फेंकने, अस्पताल के वेस्टेज को डाला जाता है। इससे स्कूली बच्चे, शिक्षक, मजदूर तथा कालोनीवासी असहनीय बदबू में जीने को मजबूर हो गए हैं।

जिला युवा कांग्रेस महासचिव कुलेश्वर देवांगन ने कहा है कि चार साल से शराब दुकान संचालित है। कई बार इसके खिलाफ निगम, कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपा गया है। 31 मार्च से पहले शराब दुकान नहीं हटने पर वार्डवासी धरना प्रदर्शन करेंगे। डिम्पल सिन्हा ने कहा कि शराब दुकान के पास कालीमाता और शिवजी का मंदिर है। यहां आने जाने में परेशानी होती है। स्कूली बच्चों पर फब्तियां कसी जाती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान परमानंद साहू, सागर सोनी, अवधेशसिंह ठाकुर, अनमोल, प्रवीण कलिहारी, कन्हैया, कामता, दिनेश, जगदीश, गोपीलाल, देवकी, रूपमती, खेमीन, बबीता, नीरा, अर्पणा, महालक्ष्मी, अनीता, भगवती सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

**आबकारी आयुक्त को अधिकारी ने लिखा पत्र**

जिला आबकारी अधिकारी ने आबकारी आयुक्त छग के नाम सोरिद नगर वार्ड में स्थापित देशी विदेशी शराब दुकान को अन्यत्र हटाने एवं बंद करने के लिए पत्र लिखा है। जनविरोध को देखते हुए उक्त मदिरा दुकान को अन्यत्र स्थापित किए जाने की स्वीकृति मांगी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kunal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हनुमान एग्रो महिन्द्रा ट्रैक्टर
शो रूम कुरूद, नगरी एवं धमतरी में फील्ड कार्य के लिए नवयुवक लड़कों की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
कुरूद : 7 पद मो. 8319173462
नगरी : 4 पद मो. 9174221715
धमतरी : 4 पद मो. 9174262337
-: वॉक इन इंटरव्यू :-
28.3.2025 से 29.3.2025 तक
(समय : दोपहर 12 से 2 बजे तक)
टीप – स्वयं का मोटर सायकल होना अनिवार्य।

# पंचायत सचिवों ने शासन को जगाने किया सद्बुधि यज्ञ

- मांग पूरी नहीं होने पर 1 अप्रैल से भूख हड़ताल, आमरण अनशन, चक्काजाम, जेलभरो आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एक सूत्रीय मांग को लेकर पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। गुरुवार को गांधी मैदान में शासन को जगाने गायत्री सद्बुद्धि महायज्ञ किया । विदित हो कि बुधवार को पंचायत सचिव के प्रतिनिधिमंडल के साथ शासन स्तर पर बातचीत असफल हो गई। इसके बाद आक्रोशित पंचायत सचिवों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन को जारी रखने का निर्णय लिया। प्रदेश संघ के आव्हान पर यह आंदोलन जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय पर जारी है। पंचायत सचिवों ने बताया कि 31 मार्च तक अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा। इसके बाद 1 अप्रैल से भूख हड़ताल, आमरण अनशन, चक्काजाम, जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांग लिखित में पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले मोदी गारंटी घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों के शासकीय कारण करने की घोषणा की थी। एक साल बीत जाने के बाद भी घोषणा पर अमल नहीं हुआ और न ही इस क्षेत्र में कोई कार्रवाई हुई जिससे आक्रोशित होकर पंचायत सचिव संघ ने आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इधर पंचायत सचिवों की हड़ताल के कारण पंचायत का कामकाज ठप है। लोग काम के सिलसिले में पंचायत तो आते हैं लेकिन खाली हाथ वापस लौट रहे हैं। शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020